माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

गांधी विचार संस्कार परीक्षा–2019

क्रमांक : परीक्षा–I / सैल–7 / गाँ.वि.सं.परीक्षा / 2019 / 05 दिनांक : 28.11.2019

1. राज्य सरकार के निर्देशानुसार "**गांधी विचार संस्कार परीक्षा–2019**" हेतु दिनांक 28.11.2019 को विद्यालय स्तर पर कक्षा–9 एवं कक्षा–11 में चयनित हुए 10–10 परीक्षार्थियों की जिला स्तर की परीक्षा का आयोजन माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा "**स्वराज घोषणा दिवस**" दिनांक 19 दिसम्बर, 2019 को दोपहर 2.00 से 3.00 बजे तक (एक घण्टा) किया जायेगा। यह परीक्षा सभी जिला मुख्यालय अथवा तहसील स्तर पर निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी।
2. प्रत्येक राजकीय विद्यालय से कक्षा–9 एवं कक्षा–11 में चयनित 10–10 परीक्षार्थियों की जिला स्तरीय परीक्षा हेतु विद्यालय को इन परीक्षार्थियों के बोर्ड की वेबसाइट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर बोर्ड द्वारा पूर्व में प्रदत्त Login ID पासवर्ड से दिनांक 01.12.2019 से दिनांक 04.12.2019 (रात्रि 12:00 बजे) तक ऑनलाईन आवेदन करना अनिवार्यः होगा। (ऑनलाईन आवेदन करने हेतु नूमने का आवेदन पत्र बोर्ड वेबसाईट पर उपलब्ध है।)
3. इस परीक्षा का प्रश्न पत्र राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आत्मकथा "**सत्य के साथ मेरे प्रयोग**" पर आधारित होगा। जिसमें 60 प्रश्न बहुविकल्पिय होंगे। प्रश्न पत्र हल करने हेतु निर्धारित समय 60 मिनट होगा। परीक्षा का प्रश्न पत्र द्विभाषी होगा।
4. इस संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या हेतु कार्यालय समय में परीक्षा नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नं. 0145–2632866, 867, 868, एवं आई.टी.शाखा के दूरभाष नम्बर 0145–2632865 तथा 0145–2627454 पर सम्पर्क करें।

सचिव